Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct an overbridge in Mehsana city, Gujarat.

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (**महेसाणा**): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के महेसाणा शहर को रेल लाइन दो हिस्सों में बांटती है । महेसाणा एक व महेसाणा दो में आने-जाने के लिए दो अंडरपास हैं, जिन्हें बारिश के मौसम में पानी भर जाने की वजह से यातायात हेतु बंद करना पड़ता है । महोदय, इसके विकल्प में मेरी मांग है कि महेसाणा सिविल हॉस्पिटल के बगल से हाइवे को जोड़ता हुआ ओवरब्रिज बनाया जाए, ताकि महेसाणा के यातायात को तकलीफ न हो ।

माननीय सभापति : डॉ. हिना विजयकुमार गावीत – उपस्थित नहीं ।